हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 53 देहरादून, मंगलवार, 15 अगस्त, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




# उत्तराखण्ड को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं : मुख्यमंत्री






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

15 अगस्त , देहरादून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, अमर शहीदों, वीर वीरागंनाओं, राज्य आंदोलनकारियों सहित राष्ट्र निर्माण के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश और राज्य की प्रगति एवं विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उत्तराखण्ड वासियों का भी अभिनन्दन किया है।

**स्वर्णिम यात्रा में उत्तराखण्ड का महत्वपूर्ण योगदान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की इस स्वर्णिम यात्रा में उत्तराखण्ड का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ वीरभूमि भी है। हमें अपनी सैनिक परम्परा और देशभक्ति की विरासत पर गर्व हैं। सैनिक परम्परा वाले वीरभूमि उत्तराखण्ड में पीढ़ियों से लगभग हर परिवार से वीर व वीरांगनाएं देश की रक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के सम्मान में देहरादून में शौर्य स्थल का निर्माण किया गया है। राज्य में पांचवे धाम के रूप में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। हिम प्रहरी योजना के तहत राज्य के भूतपूर्व सैनिकों एवं युवाओं को सीमाओं में बसने के लिए आवश्यक मदद दी जा रही है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनकी विधवाओं की पेंशन 21 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान हमारी परम्परा रही है। राज्य निर्माण आन्दोलन तथा इसके बाद प्रदेश के विकास व प्रगति में राज्य की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज भी राज्य की मातृ शक्ति ग्रामीण जनजीवन, आर्थिकी, सामाजिक व सांस्कृतिक ताने बाने की रीढ़ हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में क्षैतिज आरक्षण के लिए कानून बना दिया गया है। अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलैण्डर रिफिल मुफ्त दिये जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के व्यापक हित में राज्य सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गये हैं। देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून सीमित समय में लागू कर प्रदेश के लाखों युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा भर्तियों में घोटाले करने वाले दोषियों के खिलाफ प्रदेश में पहली बार इतने बड़े स्तर पर सख्त कार्यवाही की गई है। राज्य में नकल माफिया को जड़ से समाप्त करने के लिए की गई पहल पूरे देश में एक नजीर बन गई है। राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा जारी कैलेण्डर के अनुसार पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को ऊर्जा प्रदेश बनाने में सौर ऊर्जा का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान होगा। राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट लगाने वालों को बड़े पैमाने पर छूट तथा सुविधाएं दे रही है। नई सौर ऊर्जा नीति को लागू कर दिया गया है।

हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2027 तक प्रदेश में 2500 मेगावाट सोलर पॉवर का उत्पादन हो। इससे सौर ऊर्जा के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शिकायत दर्ज करने के लिए जनता के लिए 1064 वेब एप लॉच किया गया है। अपणि सरकार पोर्टल, ई-केबिनेट, ई-ऑफिस, सीएम डैश बोर्ड उत्कर्ष, सीएम हेल्पलाईन 1905, सेवा का अधिकार और ट्रांसफर एक्ट की पारदर्शी व्यवस्था अपनाकर राज्य में भ्रष्टाचार के समूल नाश का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। यूसीसी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूलमंत्र की दिशा में बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है। आमजन का दृष्टिकोण भी इस विषय पर सकारात्मक है। हमारा ड्राफ्ट अन्य राज्यों को भी पसंद आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में देश का सर्वश्रेष्ठ एवं अग्रणी राज्य बनाने का हमारा संकल्प है। हम एक समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने के लिए कार्य कर रहे है। आज अनुकूल औद्योगिक नीति, दक्ष मानव संसाधन और उदार कर लाभों से उत्पन्न पूंजी निवेश में भारी वृद्धि के कारण उत्तराखंड भारत में सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक बन गया है। आगामी नवम्बर-दिसम्बर में राज्य में ग्लोबल इनवेस्टर समिट होने जा रहा है। इसमें भारी संख्या में दुनियाभर के निवेशक उत्तराखण्ड में निवेश का निर्णय लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में एक लाख पचास हजार करोड़ की योजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहे हैं। राज्य सरकार के प्रयासों से उत्तराखण्ड पर्यटन हब, ऐडवेंचर टूरिज्म हब, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड तैयार होने तथा वंदे भारत एक्सप्रेस से देहरादून जल्द ही दिल्ली एनसीआर का हिस्सा बन जाएगा, जिससे यहाँ निवेश, उद्योगों के विकास, रोजगार, के नए-नए अवसर उपलब्ध होंगे। 1930 करोड़ रूपये की टिहरी लेक डेवलपमेंट परियोजना से टिहरी झील प्रमुख टूरिस्ट डेस्टीनेशन बन रही है।

केदारनाथ धाम में 750 करोड़ रूपये से पुनर्निर्माण कार्य, बदरीनाथ धाम में 550 करोड़ रूपये से पुनर्विकास कार्य, 2430 करोड लागत के.गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का शिलान्यास हो चुका है। 16 हजार 216 करोड़ रूपए की 125 किमी लम्बी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इससे प्रदेश में कनेक्टिविटी को मजबूती मिलने के साथ विकास के नये आधार तैयार करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड को विश्व की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित करने का सपना है। भविष्य में पूरी दुनिया से लोग यहाँ आत्मिक शांति के लिए आंएगे। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि इक्कीसवी सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा। यह हम हर उत्तराखण्डवासी के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के सभी नागरिकों से अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने के साथ एक उन्नत, श्रेष्ठ और प्रगतिशील उत्तराखण्ड बनाने में मददगार बनने की भी अपेक्षा की है।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देश एवं प्रदेश वासियों को दी शुभकामनाएं


देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश एवं प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम के ज्ञात व अज्ञात गौरव सेनानियों को याद करते हुए कहा कि उनके त्याग व बलिदान से ही स्वतंत्र भारत का सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी एवं सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि ₹आजादी के अमृत महोत्सव₹ और अमृतकाल में देश की प्रगति और विकास हेतु प्रत्येक देशवासी में जो उत्साह और उमंग दिख रही है वह अपने आप में अलग है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि ₹इस मौक़े पर हम सभी संकल्प लें कि देश एवं प्रदेश की प्रगति एवं विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और यही प्रयास आजादी के नायकों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्यपाल ने कहा कि भारत ने आजादी के इन 76 वर्षों में सभी चुनौतियों का सामना मजबूती से किया है, और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। इस उपलब्धि को प्राप्त करने की दिशा में भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति की है, आज हमारे विश्वस्तरीय नेशनल और स्टेट हाइवे, गंतव्यों की दूरी कम करने के साथ-साथ कनेक्टिविटी को भी बढ़ा रहे हैं, साथ ही हमारी सप्लाई चैन के नेटवर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## मलबा आने से ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे बंद

ऋषिकेश। भारी बारिश के चलते भूस्खलन से पर्वतीय क्षेत्र में जनजीवन पटरी से उतर गया है। भूस्खलन के चलते बदरीनाथ हाईवे पर पत्थर और मलबा गिर रहा है। तोताघाटी के पास करीब पचास मीटर हाईवे डैमेज हो गया है। गंगोत्री हाईवे पर करीब 34 घंटे बाद यातायात सामान्य हो पाया है। उधर, नीलकंठ मोटरमार्ग भी सोमवार को चार घंटे बाधित होने से लोग परेशान रहे। भारी बारिश से ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे तोताघाटी, अटाली, तिमलधार और गूलर के पास मलबा गिरने से बाधित है। तोताघाटी के पास करीब 50 मीटर सडक़ डैमेज हो गई है। यहां पहाड़ से पत्थर गिरने के कारण सडक़ खोलने में दिक्कत आ रही है। हाईवे प्रशासन ने एक पोकलैंड मशीन, दो लोडर और चार जेसीबी मलबा हटाने के लिए लगाई है। लेकिन पहाड़ में तेज बारिश के चलते सडक़ खोलने में दिक्कत आ रही है। गंगोत्री हाईवे बीती रविवार तडक़े 4 बजे से आगराखाल, नरेन्द्रनगर और खाड़ी के पास बाधित हो था। करीब 34 घंटे बाद ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर यातायात सामान्य हो पाया है। उधर, नीलकंठ मोटरमार्ग भी सुबह 8 बजे मलबा गिरने से बाधित हो गया। दोपहर 12 बजे मलबा हटाने के बाद छोटे वाहनों के लिए मार्ग खोला गया है। हालांकि भारी वाहनों की आवाजाही पर फिलहाल रोक है। एनएच श्रीनगर के सहायक अभियंता हरीश गेलाकोटी ने बताया कि तोताघाटी पर सडक़ डैमेज हो गई है। यहां मलबे के साथ बड़े-बड़े बोल्डर भी गिर रहे हैं। जिससे मलबा हटाने में दिक्कत आ रही है। देर रात तक हाईवे छोटे वाहनों के लिए खुलने की संभावना है। बताया कि गंगोत्री हाईवे खोल दिया गया है। उधर, एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि नीलकंठ मोटरमार्ग पर मलबा लगातार गिर रहा है। जिससे मार्ग बार-बार बाधित हो रहा है। सुबह के समय मार्ग बाधित हो गया था। जिसे दोपहर में खोल दिया गया।

# स्वाधीनता संग्राम के दौरान ब्रितानी हुकूमत का एक काला सच !





The Queen's Daughters
In India
By Elizabeth W. Andrew and Katharine C. Bushnell
WITH PREFATORY LETTERS BY
Mrs. JOSEPHINE E. BUTLER, and Mr. HENRY J. WILSON, M.P.
1st EDITION, TWO THOUSAND.
2nd EDITION, THREE THOUSAND
3rd EDITION, THIRTY THOUSAND.

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 अगस्त , जश्न ए आज़ादी के बीच आज हम बात कर रहे हैं जंग ए आज़ादी की , आज हम उस काले सच को पढ़ रहे हैं जो हमारी मातृशक्ति ने उस दौर में जिया है। आज जानते हैं कि कैसे अंग्रेजों ने अपने सैनिकों की अय्याशी के लिए, भारतीय लड़कियों को आधिकारिक रूप से इस्तेमाल किया था। लेकिन अंग्रेजों ने अपने इस पाप को छिपाने के लिए बहाना बहुत अच्छा बनाया था कि चूंकि उनके सैनिक बिना बीवियों के यहाँ पर आते हैं तो उनके पास अपने शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए साधन नहीं होता, इसलिए बलात्कार करने से बेहतर है कि आधिकारिक रूप से चकलाघर ही चलाया जाए।

क्या लिखा है पुस्तक में the Queen's Daughters in India

द क्वींस डॉटर इन इंडिया नामक इस पुस्तक में एक अंग्रेज महिला ने ही अपने लोगों द्वारा भारतीय महिलाओं पर किए जा रहे अत्याचारों का खुलासा किया है। जोसेफिन एफ बटलर ने लिखा है कि वह चाहती हैं कि उनके देश की महिलाएं भारत में हो रहे इन अत्याचारों पर आवाज़ उठाएं। उन्होंने लिखा था कि वह एक निष्ठावान अंग्रेज महिला हैं, और उन्हें अपने देश से बहुत प्यार है, इसलिए वह यह लिख रही हैं। दरअसल पुस्तक आपको एक ऐसी काली दुनिया में ले जाती है जहाँ पर भारतीय या कहें हिन्दू स्त्रियों की पीड़ा का काला संसार है, यहाँ पर वह बातें हैं, जो तमाम लेखकों की रचनाओं में नहीं मिलती है।


FAC-SIMILE OF A REGISTRATION TICKET OF EXAMINATION
Issued to a Prostitute in India, in 1892, notwithstanding the Resolution of the House of Commons of June 5, 1888, condemning such registration. The form employed is the one authorized by the East India Contagious Diseases Act of 1866, which was repealed in 1888.

1892
Ticket of Registered Prostitutes in the Cantonment of Meean Meer.—
Name. Begum 1st
Caste Mahamedun
Registered number. 1
Place of residence in Cantonment. Sudder Bazar
Date of Registry. 4-3-90
Personal appearance.

offg. Cantonment Magistrate,
Meean Meer,
A. B. P., S. B., M. M.

साभार : सो.मी.

इसमें लिखा है कि भारत में लगभग एक सौ सैन्य कंटोनमेंट थे।हांलाकि सैनिकों की यौन इच्छाओं को पूरा करने के लिए एवं यौन रोगों से बचाने के लिए कॉन्टेजियस डिजीज एक्ट्स के रूप में एक पूरी व्यवस्था बनाई गयी थी, जिन्हें कैंटोनमेंट रेगुलेशन के अंतर्गत किया गया, और इसकी मुख्य विशेषताएं थीं "हर कंटोनमेंट में एक हजार से अधिक सैनिक रहा करते थे। दरअसल इन सैनिकों के लिए बारह से लेकर पंद्रह स्थानीय महिलाएं हुआ करती थीं, जो हैसियत या मामले के अनुसार दिए गए घरों या टेंट में रहा करती थीं, जिन्हें चकला कहा जाता था। क्योंकि इन महिलाओं को केवल अंग्रेजी सैनिकों के साथ ही सोना होता था इसलिए उन्हें कैंटोनमेंट मजिस्ट्रेट के द्वारा रजिस्टर किया जाता था, और लाइसेंस के टिकट दिए जाते थे।

"सरकारी चकलाघरों के साथ साथ कैंटोनमेंट में अस्पताल भी हुआ करते थे, जिनमें कैदियों को उन की इच्छा के विरुद्ध रखा जाता था। इन बंद अस्पतालों में महिलाओं को अपने शरीर की यह जांच कराने के लिए जाना होता था कि अगर उनमें उन सैनिकों के साथ बने हुए संबंधों के कारण कोई बीमारी तो नहीं हो गयी है फिर शरीर की जांच ही एक बलात्कार से कम नहीं होती थी।

जैसे अकबर के हरम में एक बार लड़की आती थी तो अर्थी ही जाती थी, ऐसे ही इन चकला घरों में लड़कियां आती थीं, तो अर्थी में ही जाती थीं। क्योंकि वह बाहर नहीं जा सकती थीं, उन्हें बीमारी हो जाती थी, तो पहले उन बीमारियों को ठीक किया जाता था और अगर वो ठीक हो जाती थीं, तो फिर से उसे यातना गृह में भेज दिया जाता था। रेजिमेंट के साथ ही लड़कियों को भेजा जाता था और अगर अधिक सैनिक आ जाते थे तो और लड़कियां खरीदी जाती थीं। जवान और सुंदर लड़कियों की मांग की जाती थी। परन्तु उन्हें अपनी देह के बदले जो पैसे मिलते थे वह बेहद कम हुआ करते थे।

उन्हें वर्जिन ही लड़कियां चाहिए होती थीं।

इन लड़कियों को जो यौन संक्रमण होता था, उसकी पर्याप्त जांच नहीं होती थी एवं कभी कभी वह बीमारी में ही यौन सेवाएँ बेचने लगती थी।वह बाहर इसलिए भी नहीं जा सकती थी क्योंकि उसे इस स्थिति में कौन अपनाता। इस पुस्तक में लिखा है कि जब उन्हें काम से हटाया जाता था तो, हो सकता है कि वह उन लोगों से सैकड़ों मील दूर हो, उन्हें वह जानती थी। भारत में लगभग हर दरवाजा उनके लिए बंद हो जाता था। वह कहाँ जाती थीं, उनके साथ उस कैंट से बाहर निकलने पर क्या होता था, कोई नहीं जानता था।

इन्हें अधिकारियों द्वारा खरीदा जाता था और यदि कोई औरत उस पद पर होती थी तो उसे महलदारनी कहते थे। छोटी छोटी बच्चियों को भी चकलाघर में भेज दिया जाता था। और वह लोग इसे अपना भाग्य मान बैठती थीं। अगर लड़कियां अंग्रेज सैनिकों की बात न माने तो उन्हें जला भी दिया जाता था, मार दिया जाता था। इस आर्टिकल को हमने आपके लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर तैयार किया है।

# आफत की बारिश में देवदूत बनी चमोली पुलिस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली , 15 अगस्त , जनपद चमोली में 2 दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण कल रात्रि में नैणी गाँव के समीप बादल फटने के कारण, गॉव के बीच बरसाती नाला बन गया व वहां स्थित आवासीय भवनों को खतरा उत्पन्न हुआ जिससे स्थानीय आमजनमानस में भय का माहौल बना।

ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गयी व सूचना प्राप्त होते ही प्रतिसार निरीक्षक आनन्द रावत के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम 7-8 किमी0 पैदल चल घटनास्थल पर पहुँची। रेस्क्यू टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए रस्सियों की सहायता से बरसाती नाले के आर-पार



फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला गया। ग्रामीणो द्वारा पुलिस द्वारा की गयी इस सहायता के लिए चमोली पुलिस का सह्रदय धन्यवाद किया।

## मुख्य विकास अधिकारी कमठान की अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम,61 शिकायतें प्राप्त

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेऊट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में 61 शिकायतें प्राप्त हुई। अधिकतर शिकायतों में भूमि सम्बन्धी प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त जल भराव, पेंशन, विद्युत, सडक़ पेयजल आदि से सम्बन्धित प्राप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें तथा शिकायतों कि निस्तारण की विभागीय स्तर पर समीक्षा की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने निस्तारण की सूचना से सम्बन्धित को अवगत कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने शिकायत पटल कलैक्टेऊट को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभागों से शिकायत के निस्तारण की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर ली जाए जिन विभागों की शिकायतों का निस्तारण लम्बित हो को अनुस्मारक प्रेषित करते हुए शिकायत लम्बित रहने के कारण अथवा शिकायत की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर ली जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य नगर आयुक्त जगदीश लाल, नगर मजिस्टेऊट प्रत्युष सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने लिया स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने परेडग्राउण्ड पंहुचकर स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया किया कार्यक्रम स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं चौक चौबंद की जाए। उन्होंने सीटिंग प्लान, मंच व्यवस्था, परेड स्थल सहित जनमानस हेतु बनाई की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम मंच एवं अन्य स्थलों पर समुचित व्यवस्थाएं रात्रि में ही पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपना-2 ड्यूटी प्वांईट को देख लें तथा सौंपे गए दायित्वों का भलीभांति निर्वहन करें।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित पुलिस अधिकारियों की घोषणा की गयी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

राष्ट्रपति द्वारा स्वतंत्रता दिवस-2023 के अवसर पर निम्न पुलिस अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए ₹राष्ट्रपति का पुलिस पदक₹ व सराहनीय सेवाओं के लिए ₹पुलिस पदक₹ से सम्मानित किये जाने एवं अग्निशमन/आपात सेवा विभाग उत्तराखण्ड निम्नलिखित अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए ₹अग्निशमन सेवा पदक₹ से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गयी है।

विशिष्ट सेवा के लिए ₹राष्ट्रपति का पुलिस पदक

1. श्री चक्रधर अन्थवाल, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड।

सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक

1. श्रीमती विम्मी सचदेवा रमन, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय/कार्मिक, उत्तराखण्ड।
2. श्री नवनीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद टिहरी गढ़वाल।
3. श्री योगेश चन्द, पुलिस उपाधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय, उत्तराखण्ड।
4. श्री भूपेन्द्र सिंह भण्डारी, पुलिस उपाधीक्षक, जनपद ऊधमसिंहनगर।
5. श्री रविन्द्र कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस, जनपद देहरादून।

सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक

1. श्री गिरीश सिंह बिष्ट, अग्निशमन अधिकारी जनपद ऊधमसिंहनगर।
2. श्री दिनेश चन्द्र भट्ट, फायर सर्विस चालक, जनपद देहरादून।

श्री अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड ने समस्त पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।




श्रीमती विम्मी सचदेवा रमनपुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय/कार्मिक, उत्तराखंड



श्री योगेश चंदपुलिस उपाधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय, उत्तराखंड



श्री चक्रधर अंथवाल अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड



श्री नवनीत सिंहवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद टिहरी गढ़वाल,



श्री भूपेंद्र सिंह भंडारी पुलिस उपाधीक्षक, जनपद ऊधमसिंहनगर



श्री रविंद्र कुमार वर्मा उप निरीक्षक स. पु. जनपद, देहरादून



श्री गिरीश सिंह बिष्टअग्निशमन अधिकारी, जनपद ऊधमसिंहनगर



श्री दिनेश चन्द्र भट्टफायर सर्विस चालक, जनपद देहरादून

# ऑनर किलिंग करने वालों को मृत्युदंड दिलाने वाले कर्मठ उपनिरीक्षक भगवान सिंह महर को मिलेगा गृह मंत्रालय

■ भारत सरकार का मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इन्वेस्टिगेशन अवॉर्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

18 मई 2018 को हरिद्वार के खानपुर में स्वजनों को विरुद्ध जाकर शादी करने के पर दो सगे भाईयों कुलदीप व अरूण और ममेरे भाई राहुल ने अपनी बहन प्रीति की मामा के घर ग्राम अवधिपुर जाकर कुल्हाड़ी व फावड़े से काटकर नृशंस हत्या कर दी थी। जिस सम्बन्ध में मृतका के पति बृजमोहन की तहरीर पर थाना खानपुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया, जिसकी विवेचना तत्कालीन समय में थानाध्यक्ष खानपुर के पद पर तैनात उपनिरीक्षक भगवान सिंह महर द्वारा की गयी थी।

उपनिरीक्षक भगवान सिंह महर द्वारा त्वरित गति से विवेचना करते हुए अभियुक्तों के विरूद्ध दिनांक 13 अगस्त 2018 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रषित कर दिया गया।उपनिरीक्षक भगवान सिंह महर द्वारा एकत्र किये गये साक्ष्यों, समय पर प्रस्तुत किये गये गवाहों, वैज्ञानिक साक्ष्य एवं ठोस पैरवी के अधार पर माननीय अपर सत्र न्यायाधीश लक्सर, हरिद्वार द्वारा अभियुक्त कुलदीप, अरूण व राहुल को धारा 302 भादवि के Rarest of Rare श्रेणी के अपराध के लिए मृत्युदंड एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उपनिरीक्षक भगवान सिंह महर को उत्कृष्ट विवेचना किये जाने के लिए अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु वर्ष 2023 के लिए ''केन्द्रीय गृहमंत्री पदक'' से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गयी है। श्री अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड ने उपनिरीक्षक भगवान सिंह महर को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।



## पांडुकेश्वर के पास बिजली का 33 केवी का पोल ध्वस्त, बदरीनाथ धाम की विद्युत आपूर्ति हुई बाधित

देहरादून। तेज बारिश के कारण पांडुकेश्वर के पास बिजली का 33 केवी का पोल ध्वस्त हो गया। इसके कारण आस पास के क्षेत्रों समेत बदरीनाथ धाम की बिजली सप्लाई भी बाधित हो गई है। रविवार रात पानी के तेज बहाव में 33 केवी का एक पोल बह गया। इसके कारण पांडुकेश्वर तक पहुंचने वाली 33 केवी बिजली लाइन की सप्लाई ठप हो गई। इससे पांडुकेश्वर से आगे की बदरीनाथ धाम तक पहुंचने वाली बिजली सप्लाई पर असर पड़ा। जिस स्थान पर बिजली का पोल ध्वस्त हुआ है, वहां तक पहुंचने वाली सडक़ भी बाधित है। इसके कारण तत्काल काम भी शुरू नहीं हो पाया। सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे के बाद जाकर ऊर्जा निगम की टीम जैसे तैसे मौके पर पहुंच पाई। बामुश्किल टीम ने मौके पर दूसरा पोल लगाकर दोपहर एक बजे आपूर्ति बहाल की।

ऋषिकेश के बिजली घरों में भरा पानी

लगातार हो रही बारिश के कारण ऋषिकेश में भी बिजली सप्लाई चरमरा गई। पिटकुल के 220 केवी सब स्टेशन समेत यूपीसीएल के 33 केवी सब स्टेशनों में भी पानी भर गया। इसके कारण एहतियात कई बिजली घरों को बंद करना पड़ा। इसके कारण बिजली सप्लाई बुरी तरह बाधित रही।

## सेंट जॉर्ज कॉलेज ने जीता फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

देहरादून। जैकी मैमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी और मसूरी यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। सेंट जॉर्ज कॉलेज ने 1-0 से फाइनल जीता। मुख्य अतिथि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा डॉ. गीता खन्ना, विशिष्ट अतिथि जतिन सिंह बिष्ट, पूर्व भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी हरप्रीत बेदी, पूर्व पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी प्रकाश डंगवाल, पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता के साथ ही आईजी आईटीबीपी ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। गोल्डन बूट का खिताब सेंट जॉर्ज कॉलेज के सत्या ध्वज कार्की को मिला। गोल्डन ग्लवस् से देवांश मूर्ति को नवाजा गया। मोस्ट प्रोमिसिंग टीम का खिताब दून वैली पब्लिक स्कूल को मिला। वहीं, वाइनबर्ग एलन के ताशी, युवा स्पोर्टस क्लब के अमन असवाल, सेंट जॉर्ज कॉलेज के नमन, राजवीर सिंह गुंबर, मसूरी यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के अनुराग, मेनोराइट क्लब के गर्वित, बिबेक, वुडस्टॉक स्कूल के कृष्णा, भट्टा स्पोर्टस् क्लब के गौरी व दून वैली पब्लिक स्कूल के कृष्णा को प्रोमिसिंग प्लेयर का खिताब दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ब्रदर रमेश अमलानाथन, उप-प्रधानाचार्य ब्रदर शाजू थॉमस, आनंद थापा, भवनेश नेगी समेत अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा ने विभाजन विभीषिता स्मृति दिवस पर मौन जुलूस निकाला

देहरादून। भाजपा ने 14अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप मानते हुए मौन जुलूस निकाला। साथ ही देश के बंटवारे के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। भाजपा कार्यकर्ता सोमवार को महानगर कार्यालय में एकत्रित हुए और यहां से सर्वे चौक तक मौन जुलूस निकाला। जुलूस से पहले हुई सभा में राज्यसभा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने कहा कि देश के इतिहास में 14 अगस्त कभी ना भूलने वाला दिन है। इस दिन भारत का दुखद विभाजन किया गया। जिसके कारण हजारों देशवासियों ने यातनाएं झेली। टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास ने बंटवारे के दौरान बलिदान देने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

15 अगस्त





हर देश की विकास यात्रा में एक समय ऐसा आता है जब देश खुद को नए सिरे से परिभाषित करता है। अगले 25 वर्षों की यात्रा भारत के इस सृजन का अमृत काल है। इस अमृत काल में हमारे संकल्पों की सिद्धि, हमें गौरवपूर्ण रूप से आज़ादी के 100 वर्ष तक ले जाएगी।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

आओ, मिलकर फहराएँ
हर घर तिरंगा



मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश हर्षोल्लास के साथ 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। नये भारत के निर्माण में नये उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइये, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर आज़ादी के अमृत महोत्सव की बेला पर हर घर तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।

जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड




## नये भारत का नया उत्तराखण्ड

- केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।
- गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।
- 4000 से अधिक होम स्टे विकसित।
- 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।
- AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।
- 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलपमेंट।
- एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।
- चारधाम ऑल वेदर रोड।
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे।
- वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन।
- पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना।
- पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरता उत्तराखण्ड।
- भारतमाला परियोजना।
- एक जिला-दो उत्पाद योजना।
- निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति।
- स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा।
- अन्त्योदय निः शुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलैण्डर रिफिल मुफ्त।
- मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना।
- राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।
- मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।
- राज्य के किसानों के लिए 304 करोड़ रुपये की पॉलीहाउस योजना के तहत प्रदेशभर में लगभग 18000 पॉलीहाउस बनाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को पॉलीहाउस बनाने के लिए सरकार द्वारा 70 प्रतिशत सब्सिडी।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20

15 अगस्त



# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



हर देश की विकास यात्रा में एक समय ऐसा आता है जब देश खुद को नए सिरे से परिभाषित करता है। अगले 25 वर्षों की यात्रा भारत के इस सृजन का अमृत काल है। इस अमृत काल में हमारे संकल्पों की सिद्धि, हमें गौरवपूर्ण रूप से आज़ादी के 100 वर्ष तक ले जाएगी।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

आओ, मिलकर फहराएँ
हर घर तिरंगा



मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश हर्षोल्लास के साथ 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। नये भारत के निर्माण में नये उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइये, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर आज़ादी के अमृत महोत्सव की बेला पर हर घर तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।

जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



## नये भारत का नया उत्तराखण्ड

- केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।
- गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।
- 4000 से अधिक होम स्टे विकसित।
- 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।
- AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।
- 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलपमेंट।
- एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।
- चारधाम ऑल वेदर रोड।
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे।
- वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन।
- पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना।
- पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरता उत्तराखण्ड।
- भारतमाला परियोजना।
- एक जिला-दो उत्पाद योजना।
- निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति।
- स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा।
- अन्त्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलैण्डर रिफिल मुफ्त।
- मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना।
- राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।
- मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।
- राज्य के किसानों के लिए 304 करोड़ रुपये की पॉलीहाउस योजना के तहत प्रदेशभर में लगभग 18000 पॉलीहाउस बनाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को पॉलीहाउस बनाने के लिए सरकार द्वारा 70 प्रतिशत सब्सिडी।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# सावधान मोबाइल पर अपनों की आवाज़ में पैसे मांग रहे शातिर !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 अगस्त , आपके मोबाइल या टेलीफ़ोन पर अगर आपके किसी रिश्तेदार ने पैसे मांगे तो सतर्क हो जाइये क्योंकि सटीक आवाज़ और लहज़ा होने के बावजूद वो फ्रॉड हो सकता है। केवल महानगरों में ही नहीं दूर दराज़ के इलाकों तक साइबर फ्रॉड करने वालो के पंजे पहुँच चुके हैं तभी तो अब पहाड़ों से ऐसे केस सामने आ रहे हैं जो आपको चौंका देंगे। भतीजे मुसीबत में हूँ कुछ पैसे भेज फटाफट ..... भांजे मेरा गूगल पे अटक गया है पेमेंट नहीं हो रही ज़रा दस हज़ार ऑनलाइन भेजना .... अगर आपके पास भी ऐसे कॉल आ रहे हैं तो तुरंत कान खड़े कर दीजिये क्योंकि कॉल करने वाला साइबर ठग हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से सटीक आवाजें निकालकर साइबर धोखाधड़ी की जा रही है।

उत्तराखंड में भी ऐसे मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसको लेकर पुलिस ने सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किये हैं. रुद्रपुर साइबर थाने में ऐसे 20 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें किसी परिचित की आवाज समझकर लोगों से ठगी की गई। अधिकारियों के मुताबिक शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनके पास फोन आए. आवाज जानी-पहचानी लग रही थी. फोन करने वाले ने कहा- पहचानो कौन। ज्यादातर मामलों में ठगों ने खुद को मामा बताया है। इसके बाद तरह-तरह के बहाने बनाकर उसे झांसे में लिया और पैसे ठग लिए। 10 हजार से लेकर एक लाख तक की ठगी हुई है.

**लोगों को जागरूक होना होगा**

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से इस आवाज को बदला जा सकता है। इससे बचने के लिए लोगों को जागरूक होना होगा। साइबर ठग अक्सर कॉल कर बोलते हैं- पहचाने या नहीं। कुछ समय बाद लोग उन्हें अपना रिश्तेदार मानने लगते हैं। इसके बाद मेहनत की कमाई लूट ली जाती है.अगर कुछ मामलों की बात करें तो काशीपुर निवासी एक युवक ने साइबर क्राइम थाने में मौखिक सूचना दी। उन्होंने बताया कि जून में उनके पास एक कॉल आई। आवाज जानी-पहचानी लग रही थी. ठग कई बार कहता रहा-



साभार : सो.मी.

पहचानो इसे। उसने सोचा कि वह चाचा है. इसके बाद बिना कुछ सोचे-समझे आरोपी के बताए खाते में पैसे जमा कर दिए। वहीँ अल्मोड़ा के एक युवक ने फोन कर साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। बताया कि कुछ दिन पहले एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉल करने वाला युवक उसका परिचित बन गया और झांसे में लेकर 20 हजार ठग लिए।न्यूज़ वायरस की अपील है कि आप भी भावनाओं में या जल्दबाज़ी में आकर अपने पैसे बर्बाद न करें। अगर ऐसा फ़ोन आता है तो उसकी सत्यता जाँच लें और शक होने पर अपनी मित्र पुलिस का सहयोग लेकर इस फ्रॉड का खुलासा ज़रुर करें।

# 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत ली गई पंच प्रण शपथ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली पुलिस ने निकाली तिरंगा रैली

चमोली , 15 अगस्त , जनपद चमोली में ₹मेरी माटी मेरा देश₹ अभियान के अंतर्गत देशभक्ति की भावना बढ़ाने हेतु हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है । जनपद के सभी थानों में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "मेरी माटी, मेरा देश" व "हर घर तिरंगा अभियान" के अवसर पर अधि0/कर्म0गणों ने अमृत काल के पंच प्रण एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली ऐतिहासिक तिरंगा रैली के माध्यम से चमोली पुलिस ने शहर वासियों को अपनी ऐतिहासिक धरोहर व विरासत के गौरव पर गर्व करने का संदेश देने का एक सराहनीय प्रयास किया है।जनपद के समस्त पुलिस कार्यालयों/थानों/चौकियों में भी नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अमृत काल के पंचप्रण की शपथ ली गई।

अमृत काल के पंचप्रण-

1-विकसित भारत का लक्ष्य2-गुलामी के हर अंश से मुक्ति3-अपनी विरासत पर गर्व4-एकता और एकजुटता5-नागरिकों में कर्तव्य की भावना की शपथ




## बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस ने किया बंसत कुमार को प्रत्याशी घोषित

बागेश्वर। अनुसूचित जाति आरक्षित विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर के उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने बंसत कुमार को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। 17 अगस्त को वह नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने सोमवार को एक बैंक्वेट हॉल में प्रत्याशी के नाम की घोषणा करते हुए पत्रकारों से कहा कि बसंत के पिता कांग्रेसी थे। वह छह माह से पार्टी के संपर्क में थे। उनका परिवार कांग्रेस विचारधारा से है। दावा किया कि निश्चित तौर पर वह चुनाव जीत रहे हैं।

माहरा ने कहा कि बसंत के अलावा भैरव नाथ टम्टा, रंजीत दास समेत चार लोगों का नाम भी पैनल में था। दास ने भाजपा में जाकर टिकट वितरण की राह आसान कर दी। उनके जाने के बाद तीन लोगों के नाम दिल्ली भेजे गए। वहां से फाइनल होने पर यह वार्ता की गई है। टिकट को लेकर भैरव नाथ, गोपाल राम के अलावा जिले के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की रायशुमारी की गई थी। सर्वे, सुझाव और आम सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया है। कांग्रेस पूरे प्रदेश में जनता की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जातिवादी ताकतों को परास्त करना है।



पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड, देहरादून में श्री अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2023 में पदक प्राप्त खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुये भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करने व स्वर्ण पदक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।श्री अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन/वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने बताया कि दिनांक 26 जुलाई से 6 अगस्त 2023 तक वीन्नदपेग, कनाडा में आयोजित हुई वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2023 में उत्तराखण्ड पुलिस के खिलाड़ी ने बहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टारगेट, फील्ड व 3 डी आर्चरी में मु0आरक्षी संतोष कुमार तथा 5000 मी0 एवं 10000 मी0 दौड़ में मु0आरक्षी राजेश कुमार नें स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखण्ड पुलिस का मान बढ़ाया।

## मंत्री अग्रवाल ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण

देहरादून। क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा के अंतर्गत बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों रायवाला में आडवाणी प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर मौजूद जिलाधिकारी सोनिका को आडवाणी प्लांट तथा आसपास के क्षेत्रों में ड्रेनेज के स्थाई समाधान के लिए प्राकलन कर डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। वहीं, गंगा लहरी, गुमानीवाला, भट्टोवाला मानसरोवर कॉलोनी, भट्टोवाला पुल अमर ज्योति स्कूल के समीप जलभराव का जायजा लिया। दोपहर बाद, डॉ अग्रवाल ने नगर निगम के अंतर्गत कोयलघाटी, चंद्रभागा, चंद्रेश्वर नगर का दौरा किया। इस दौरान चंदेश्वर नगर में जल भराव को देख मौके पर फंसे नागरिकों से जल स्तर कम होने तक शिफ्टिंग के लिए कहा। साथ ही मौके पर उप जिलाधिकारी को खाने पीने और दैनिक उपभोग की वस्तुएं भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


माननीय मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने बाढग्रस्त क्षेत्र की शुरुआत रायवाला के आडवाणी प्लांट से की। इस दौरान लोगों की समस्याओं को जानने के बाद डॉ अग्रवाल ने जिलाधिकारी सोनिका को आडवाणी प्लाट सहित आसपास के क्षेत्रों में ड्रेनेज के स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए उन्होंने इसके लिए प्राक्कलन कर डीपीआर तैयार करने के बाद शासन को भेजने को कहा।

इसके बाद डॉक्टर अग्रवाल ने गंगा लहरी पर पहुंचकर जल भराव के बीच फंसी भैंस को भी निकालने के लिए वन विभाग को निर्देशित किया। साथ ही जिलाधिकारी को यहां चौनेलाइजेशन के लिए भी निर्देशित किया।

डॉ अग्रवाल ने गुमानीवाला भट्टो वाला मानसरोवर कॉलोनी, भट्टों वाला पुल सहित अमर ज्योति स्कूल के समीप भी जल भराव की स्थिति जानी। यहां पानी के समीप घर को बचाने के लिए जाल लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद डॉ अग्रवाल ने कोयल घाटी के समीप मुख्य मार्ग के धंसने पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तत्काल मुख्य मार्ग को दुरुस्त कर यहाँ क्षतिग्रस्त विद्युत के बॉक्स को पुनः संचालित करने के लिए निर्देशित किया।

# हाई ब्लड प्रेशर लेवल करना है ठीक रोजाना करें ये 5 योगासन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




साभार : गूगल

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 अगस्त , उच्च रक्तचाप एक ऐसी स्थिति है जिसके लक्षण दिखाई नहीं देते। लेकिन अचानक से यह आपके दिल के लिए खतरनाक स्थिति बन सकती है। इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए. जिन लोगों को रक्तचाप की समस्या होती है उन्हें दिल का दौरा या स्ट्रोक का खतरा अधिक होता है। ब्लड प्रेशर के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं. इसके पीछे कई कारण हैं जैसे जीवनशैली, खराब आहार और धूम्रपान, तनाव, पारिवारिक इतिहास आदि। स्वस्थ आहार खाना और कुछ दैनिक व्यायाम करना आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। योग करने से आपका रक्तचाप कम हो सकता है।

ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के लिए योगासन

balasan

बीपी के मरीजों के लिए बालासन बहुत फायदेमंद है। यह आसन आपके तनाव को कम कर सकता है और रक्त संचार को सही रखने में मदद कर सकता है। इस आसन को करते समय नियंत्रित सांस लेने से आपके शरीर को शांति मिलती है और आपके कंधों और गर्दन से तनाव कम होता है।

sukhasana

यह एक बहुत प्रसिद्ध योग आसन है जो श्वास को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह आसन आपके मन को शांत करने और तनाव को कम करने में सहायक है। शांत मन स्वस्थ शरीर के लिए फायदेमंद होता है। इस आसन से आपकी कमर और गर्दन में भी खिंचाव आता है। यह आसन आपके शारीरिक आसन को बेहतर बनाने में भी सहायक है।

मृत शरीर

यह आसन आपके शरीर को आराम देने के लिए भी जाना जाता है। यह रक्तचाप कम करने के लिए सबसे आसान योग आसनों में से एक है। यह आपके दिमाग को शांत करता है, तनाव कम करता है और सिरदर्द और थकान को भी कम करता है। ये सभी उच्च रक्तचाप के जोखिम कारक हैं। इस प्रकार यह आसन आपके रक्तचाप को कम करता है।

भुजंगासन

यह आसन रक्त और ऑक्सीजन के संचार में मदद करता है। यह आसन तनाव से राहत देता है और हृदय स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इससे आपके शरीर में अधिक लचीलापन पैदा होता है। अस्थमा के मरीजों के लिए भी यह आसन फायदेमंद है।


पुल मुद्रा

यह आसन रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी सहायक है। यह आसन मन को शांत करने में सहायक है और इसे नियमित रूप से करने से तनाव भी कम होता है। अगर आप डिप्रेशन से जूझ रहे हैं तो यह आसन आपको डिप्रेशन से बाहर निकलने में भी मदद करता है। हाई ब्लड प्रेशर, पेट के अंगों, पीरियड्स के दौरान दर्द कम करने और थकान दूर करने जैसी स्थितियों में यह आसन आपके शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।

## महिला कामगारों, श्रमिकों के उत्पीडऩ पर कंपनी के गेट पर जड़ा ताला

विकासनगर। सीटू से संबद्ध इंजीनियरिंग वर्कर्स यूनियन ने बड़ा रामपुर स्थित एक पैकेजिंग कंपनी प्रबंधन और कार्मिकों पर कामगार महिलाओं के उत्पीडऩ और श्रमिकों को उद्योग से निकाले जाने के विरोध में कंपनी के गेट पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। सुबह करीब तीन घंटे तक चली तालाबंद के दौरान किसी भी श्रमिक को कंपनी में नहीं घुसने दिया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने श्रमिकों को समझा बुझाकर शांत किया। निकाले गये श्रमिकों को दोबारा कंपनी में नौकरी देने और उत्पीडऩ के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन के बाद श्रमिकों ने गेट से ताले खोले। यूनियन के कार्मिकों ने कंपनी के गेट पर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। श्रमिकों ने गेट के अंदर सुबह आठ बजे बाद किसी भी कार्मिक को नहीं जाने दिया। जिससे उद्योग में कामकाज ठप हो गया। जिस पर कंपनी प्रबंधन ने सहसपुर पुलिस को फोन पर सूचना देकर सुरक्षा की मांग की। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान सीटू के महामंत्री लेखराज ने उक्त संस्थान में प्रबंधन और कुछ कार्मिक मिलकर महिला कामगारों के यौन उत्पीडऩ का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं से 12 घंटे से अधिक समय तक काम कराया जाता है और ओवर टाइम नहीं दिया जाता है। विरोध करने पर दो श्रमिकों को हटाया गया है। महिलाओं से मशीनों पर कार्य करवाकर कुशल कार्मिकों का काम लिया जाता है। लेकिन अकुशल कार्मिकों का वेतन दिया जाता है। जिससे श्रमिकों में आक्रोश है। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्मिकों को समझा बुझाकर शांत किया गया। पुलिस के कहने पर निकाले गये दोनों श्रमिकों को फिर काम पर रख दिया गया।

## संपादकीय



### कुर्बानियों से मिली है आजादी

आज भारत का स्वतंत्रता दिवस है-15 अगस्त। हमारे देश की आजादी ने 76 लंबे साल पूरे किए हैं। यह कालखंड एक विशाल, विराट इतिहास सरीखा है। गुलामी की बेडियां और उनकी पीड़ा बहुत पीछे छूट चुका है। आज हमारा लोकतंत्र आजाद है। संविधान स्वतंत्र और भविष्यद्रष्टा है। हमारे अपने मौलिक अधिकार और मूल्य हैं। आज हम मानसिक, भौतिक, सामाजिक, राजनीतिक तौर पर संप्रभु राष्ट्र हैं। संस्कृति और सभ्यता के साथ-साथ एक समृद्ध विरासत, धरोहर भारत ने ही विश्व को दी है, लिहाजा सांस्कृतिक उत्थान में हमारा कोई सानी नहीं है। आज हमारा आसमान और विभिन्न आयाम अनंत और अशेष हैं। हमारी फिजाएं और हवाएं भी अबाध हैं। 15 अगस्त, 1947 को याद करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उस दौर में हम सुई तक बनाने में अक्षम थे। गांव तक बैलगाड़ी या फिर मीलों पैदल चल कर जाना पड़ता था। सडक़ें और राजमार्ग स्वप्निल थे। रेलगाड़ी और यातायात के साधन बेहद सीमित थे और पंगु भी साबित होते रहते थे। भारत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अतीत वाला राष्ट्र था, फिर भी उसे गांव, गरीब, गोबर और सांपों वाला देश माना जाता था। हमने परवाह नहीं की। भारत एक भूखंड ही था, जहां निर्जन, बंजर, पठार, जंगल, मरुस्थल असंख्य थे। हमने उन्हें संसाधनों में तबदील किया। आत्म-संतोष यह था कि अब हम स्वतंत्र, संप्रभु और गणतांत्रिक देश होंगे। उस और आज के कालखंड की तुलना करें, तो खुद से सवाल करना पड़ता है कि अंतरिक्ष, आसमान, समंदर से लेकर जमीन तक कहां नहीं है हिन्दुस्तान? यह बात पुरानी और सियासी-सी लगती है, लेकिन हकीकत है कि आज हम विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरे स्थान तक का सफर बड़ी तेजी से कम हो रहा है। यह हम आजाद भारतीयों के पुरुषार्थ और मेहनत का ही नतीजा है। आज हम दूध और चीनी के सबसे बड़े उत्पादक और उपभोक्ता देश हैं। गेहूं, चावल, फल, सब्जियों आदि के संदर्भ में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक और आपूर्तिकर्ता देश हैं। कभी भारत अकाल और खाद्य-संकट वाला देश था। विदेश से 'लाल गेहूं' का जहाज आता था, तो हमें आटा नसीब होता था। हमारी 'हरित क्रांति' ने भारतीय कृषि की दशा और दिशा ही बदल दी। आज चंद्रमा की ओर हमारा 'चंद्रयान-3 मिशन' बढ़ रहा है, तो रूस का भी मिशन वहां पहुंचने वाला है, जबकि रूस हमसे बहुत आगे है। हमने कई देशों के उपग्रह भी अपने अंतरिक्ष अभियान के साथ भेजे हैं। आज अमरीका, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन की विख्यात बहुराष्ट्रीय कंपनियां हमारी स्वदेशी कंपनियों के समन्वय और सहयोग से, भारत में ही, उत्पादन कर रही हैं। भारत इन देशों का भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार भी है। लड़ाकू विमान के सबसे ताकतवर इंजन, सेमीकंडक्टर चिप्स आदि का निर्माण भी अब भारत में ही होगा। कभी हम अमरीका, चीन, सिंगापुर आदि देशों पर आश्रित होते थे। आज भारत आत्म-निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आज हम विमान, मिसाइल, ड्रोन, हेलीकॉप्टर और कई अन्य हथियारों का उत्पादन देश में ही कर रहे हैं और 50 से अधिक देशों को हथियारों का निर्यात भी कर रहे हैं। यह भी आश्चर्य ही है कि करीब 140 करोड़ की आबादी वाले विशाल और विविध देश में अकाल, भुखमरी के कोई आसार तक नहीं हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# डीएम सोनिका ने किया जनपद के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जनपद में हो रही भारी वर्षा के चलते जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने रातभर जिला आपदा परिचालन केन्द्र से जनपद में प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित उप जिलाधिकारियो एवं आईआरएस सिस्टम से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश जारी करती रहीं। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने आज प्रातःकाल से ही जनपद के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सहस्त्रधारा, आईटी पार्क, सौंग नदी पुल रायपुर, जाखन पुल भोगपुर, भोगपुर डांडी में जलभराव वाले क्षेत्र, आढवाणी प्लाट रायवाला, गोहरी माफी एवं शेरगढ़ का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी ऋषिकेश एवं डोईवाला को निर्देशित किया कि नदी तटीय क्षेत्र किनारे निवास कर रहे लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों को चैनेलाईजेशन कार्य करने तथा लोनिवि के अधिकारियों को जनपद में पुलों एवं सडक़ों की स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए। यदि कहीं सडक़ एवं पुल को खतरा है तो उसका समय पर सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने डांडी भोगपुर में जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए राहत बचाओ कार्य को त्वरित संपादित करने तथा अतिवृष्टि के चलते सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए। साथ ही भोगपुर पुल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अढाणी प्लाट रायवाला में जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग को पानी निकालने हेतु पम्प बढ़ाने तथा क्षेत्र में जलभराव न हो इसके लिए ड्रेनेज प्लान बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र में एसडीआरएफ लगाने के निर्देश दिए। उन्होने मकानों एवं भवनों की सुरक्षा के साथ ही प्राथमिकता से जलभराव की स्थिति वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पंचायत घर एवं स्कूल में शिफ्ट करने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने शेरगढ़ माजरी माफी विकासखंड डोईवाला में जाखन नदी से हुए भू कटाव का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए साथ ही खतरे की जद में आए मकानों की सुरक्षा इंतजाम के साथ ही नदी के समीप बसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए भवन, फसल, पशुहानि का आकलन करने के निर्देश दिए। साथ ही त्वरित गति से अहेतुक धनराशि वितरित करने के भी निर्देश दिए। गोहरी माफी में निरीक्षण के दौरान मा0 मंत्री/स्थानीय विधायक डॉ0 प्रेमचन्द्र अग्रवाल द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में संबंधित अधिकारियों को सडक़ एवं बाढ़ सुरक्षा कार्य करने फौरी तौर पर राहत बचाव कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सौंग नदी पुल के निरीक्षण के दौरान स्थानीय विधायक रायपुर उमेश शर्मा भी मौजूद रहे। स्थानीय विधायक द्वारा जिलाधिकारी को पुलों एवं सडक़ों की स्थिति की जानकारी दी। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मा0 विधायक द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने के निर्देश दिए।

रायवाला एवं गोहरी माफी में निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कमलेश उपाध्याय, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश सौरभ असवाल, अधीक्षण अभियंता नामित रमोला, अधिशासी अभियंता दिनेश उनियाल, आदि संबंधित विभागों के अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पछवादून में जगह-जगह हुए कार्यक्रम

विकासनगर। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पछवादून में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किये गए। विकासनगर में विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने नगर पालिका कर्मचारियों व सभासदगणों के साथ मिलकर शहीद जवानों के नाम के शिलापट की स्थापना कर सभी को पंचप्रण की शपथ दिलायी। सेलाकुई में विधायक सहदेव पुंडीर के नेतृत्व में तिरंगा शोभा यात्रा निकाली गई। कालसी में थानाध्यक्ष ने सभी पुलिस कर्मिक को पंच प्रण की शपथ दिलाई। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत नगर पालिका विकासनगर में विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने टाउनहॉल में स्वतंत्रता सैनानियों, देश के लिये प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के परिजनों का शॉल ओढ़ाकर, मालाएं पहनाकर सम्मान किया। विधायक ने देश के लिए शहीद हुए जवानों के नाम के शिलापट की स्थापना की। इस दौरान शहीदों की स्मृति में नगरपालिका परिसर में पौधरोपण कर सभी को हाथ में मिट्टी लेकर पंच प्रण की शपथ दिलायी और कलश में मिट्टी भरकर उसे सम्मान पूर्वक नगर निगम देहरादून ले जाने के लिए रखा गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष शांति जुवांठा, ईओ बद्री प्रसाद भट्ट, सभासद शम्मी प्रकाश, धर्मेंद्र ठाकुर, कृष्णा तोमर, उपासना, राकेश जॉन, भूपेंद्र डोगरा आदि मौजूद रहे। कालसी में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष रविंद्र नेगी के नेतृत्व में पुलिस कर्मिकों ने रैली निकाली जो कालसी बाजार से हरीपुर होते हुए कालसी थाना पहुंची। जहां पर थानाध्यक्ष ने सभी पुलिस कर्मिकों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। सेलाकुई क्षेत्र अंतर्गत सेलाकुई कस्बे में थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत विधायक सहदेव पुंडीर के नेतृत्व में तिरंगा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा शोभायात्रा खाटू श्याम मंदिर सेलाकुई से प्रारंभ होकर सेलाकुई बाजार से होते हुए सेलाकुई थाने पर पहुंची जहां पर यात्रा का समापन हुआ।

# क्या बुखार आने पर नहाना चाहिए या नहीं ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 अगस्त , बुखार आने पर अक्सर लोग नहाना बंद कर देते हैं। अधिकतर लोग बुखार में नहाने को हानिकारक मानते हैं। उनका मानना है कि इससे तबीयत और भी खराब हो सकती है. वहीं कुछ लोग बुखार होने पर भी नहाना पसंद करते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि बुख़ार में नहाना चाहिए या नहीं. आइए जानते हैं डॉक्टर इस बारे में क्या सलाह देते हैं...



साभार : सो.मी.

बुखार में नहाना चाहिए या नहीं?

डॉक्टर के मुताबिक बुखार में नहाने से कोई परेशानी नहीं होती है. बुखार आने पर शरीर का तापमान बढ़ जाता है। शरीर में दर्द भी होने लगता है, कमजोरी आ जाती है। ऐसे में कुछ लोगों का नहाने का मन नहीं करता है. ऐसे में गुनगुने पानी से नहाना फायदेमंद हो सकता है। नहाने से बुखार का असर कम हो सकता है। इससे मांसपेशियां रिलैक्स रहती हैं। अगर आप गुनगुने पानी से नहाते हैं तो आपको शरीर के दर्द से छुटकारा मिल सकता है। हालांकि, अगर बुखार तेज है तो बहुत ठंडे पानी से नहाने से बचना चाहिए।

वायरल बुखार में स्नान क्या करें?

1. बुखार होने पर ज्यादा गर्म या ठंडे पानी की बजाय गुनगुने पानी से नहाना चाहिए। इससे शरीर को आराम मिलता है, दर्द दूर हो जाता है।2. अगर आप बुखार में नहाने जा रहे हैं तो कुछ देर के लिए ही नहाएं। ज्यादा देर तक पानी में रहने से समस्या बढ़ सकती है.3. हल्के साबुन और पानी से शरीर को धीरे से साफ करें। जिस जगह पर पसीना जमा होता है उस जगह को अच्छी तरह साफ करें ताकि बैक्टीरियल या फंगल इंफेक्शन न हो।

वायरल बुखार, नहाते समय क्या न करें?

1. बुखार में ठंडे पानी से न नहाएं. इससे रक्तवाहिकाओं के सिकुड़ने का खतरा रहता है, जो कंपकंपी पैदा करके शरीर की ऊर्जा को नष्ट कर सकता है।2. ज्यादा देर तक नहाने से बचें.3. बहुत अधिक गर्म पानी से नहाने से रक्त वाहिकाएं अधिक फैल सकती हैं, जिससे रक्तचाप कम हो सकता है और चक्कर या बेहोशी हो सकती है।4. ज्यादा रगड़कर नहाने से बचें. इससे शरीर अति-उत्तेजित हो सकता है, जिससे थकान बढ़ सकती है।5. अगर बुखार में नहाने का मन नहीं है तो तौलिये को सामान्य पानी में भिगोकर धीरे-धीरे शरीर को साफ करें। इससे बुखार से राहत मिल सकती है.

# लोगों को उजाड़ने नहीं बसाने पर विचार करें सरकार : संजीव आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




हल्द्वानी , 15 अगस्त , पूर्व विधायक और हल्द्वानी में कांग्रेस का बड़ा चेहरा माने जाने वाले संजीव आर्या ने कहा है क़ी मा0 उच्च #न्यायालय के आदेशानुसार उत्तराखंड प्रदेश मे सभी जिलाधिकारियों व डीएफओ को नेशनल व स्टेट हाईवे सहित अन्य सड़कों तथा नदियों के किनारे सरकारी व वन भूमि पर किया गया #अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये है। जिस क्रम मे जनपद नैनीताल के विभिन्न राजमार्गों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा गठित टीम के नेतृत्व मे अतिक्रमण ध्वस्तीकरण हेतु चिन्हीकरण कार्य गतिमान है। इस फैसले से जनपद नैनीताल मे सडक किनारे वर्षों से जीवन यापन कर रहे लोगों के घरों व प्रतिष्ठानों को हटाने से जिले के हजारों परिवार बेघर हो रहे है। पहाड़ों मे रोजगार के सीमित साधन है, किन्तु अचानक हुई इस तरह की कार्यवाही से वर्षों से जीवन यापन कर रहे लोगों पर रोजी रोटी का गहन संकट उत्पन्न हो जायेगा।

पूर्व विधायक कहते हैं कि तीन चार पीढ़ियों से चल रही दुकानों व मकानों को प्रशासन द्वारा अचानक चिन्हित कर हटाने के आदेश से पूरे इलाके मे अफरा तफरी का माहौल है। इनमे से कई भवन ऐसे भी है जो लीज व सरकारी आवंटन पर बने है, तथा समय-समय पर सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी है। सरकारी विभागों ने ही इन्हे बिजली पानी जैसी सुविधायें भी दी है, साथ ही बिभिन्न बैंकों से ऋण और सब्सिडी भी मिली है और आज भी कई प्रतिष्ठानों की ऋण आदायगी जारी है। ऐसे मे इन सभी को कैसे अवैध माना जा सकता है? सरकार एक ओर तो इनके विकास की बात कर रही है वहीं दूसरी और इनके आशियाने उजाड़कर इन्हे बेघर कर रहे है।

संजीव आर्या ने कहा कि आवश्यक जगहों से अतिक्रमण हटाने के सभी हिमायती है किन्तु जो लोग पिछले 50-60 वर्षों व पीढ़ियों से अपना प्रतिष्ठान चला रहे है उन्हे अचानक हटाना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। सरकार का कर्तव्य होता है कि वह मुसीबत आने पर राज्य की जनता के लिए जीवन यापन के तरीके खोजे और इसी परिपेक्ष्य मे सरकार को इस अतिक्रमण अभियान के खिलाफ मा0 न्यायालय के सामने परेशान जनता और अपना पक्ष मजबूती के साथ रखना चाहिए। अतिक्रमण हटाने के नाम पर इसी तरह की सालों से बसे लोगों को उजाड़ने की खबरें राज्य भर से आ रही हैं । राज्य भर के लोगों को एक साथ अतिक्रमण हटाने के नाम पर अस्थिर नहीं किया जा सकता है।आर्या का कहना है कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री उक्त मामले का तत्काल संज्ञान लेकर जनपद उत्तरकाशी सहित पूरे प्रदेश मे अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पर जनहित को मध्यनजर रखते हुए सक्षम बैंच मे मजबूत पक्ष अथवा अध्यादेश के साथ विधानसभा मे कानून लाकर प्रभावित जनता के हितों को सुरक्षित रखने का काम करें।

# महान वैज्ञानिक,पंत रेज के जनक, स्व0 डॉ देवी दत्त पंत को श्रद्धांजलि

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 15 अगस्त , उत्तराखंड क्रांति दल के प्रथम अध्यक्ष, महान वैज्ञानिक स्व0 डॉ देवी दत्त पंत ( डी0 डी0 पंत ) की 104 वीं जयंती पर पार्टी कार्यालय 10 कचहरी रोड़ देहरादून में विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनको याद किया। इस अवसर पर दल के केंद्रीय अध्यक्ष श्री काशी सिंह ऐरी जी ने उनके जीवन एवं उन पुराने संस्मरणों को याद करते हुए कहा कि वह एक साधारण परिवार के रहे हैं।फिजिक्स से स्नातक बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से किया, ख्याति प्राप्त फिजिक्स के विभागध्यक्ष प्रोफेसर आंसुकी के दिशा निर्देश में पी एच डी करी उनकी खोज आज पंत रेज के नाम से विश्व-विद्यालयों में पढ़ाई जाती हैं। डॉ देवी दत्त पंत जी ने कुमाऊ यूनिवर्सिटि कि स्थापना की व प्रथम वाइस चांसलर बने। थिंक ग्लोबली एक्ट लोकली सिद्धांत होने के कारण हिमालय की गोद से निकला पहला क्षेत्रीय दल उत्तराखंड क्रांति दल की स्थापना की व उनके प्रथम अध्यक्ष बने। डॉ पंत के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता इस अवसर पर सुनील ध्यानी, विजय बौड़ाई, ललित बिष्ट, मोहन असवाल, रमेश थलाल, प्रताप कुंवर,देवेश्वर भट्ट,समीर मुंडेपी, अशोक नेगी, पूरण सिंह कठेत, बिजेंद्र रावत,ब्रिज मोहन सजवाण, श्याम सिंह रमोला, मनीष रावत, राजेंद्र प्रधान, राज कुमार शंखधर आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा

विकासनगर। विधानसभा सहसपुर में रविवार रात अतिवृष्टि से कई क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। भारी बारिश से सभी नदी-नाले उफान पर है। ग्राम पंचायत भगवानपुर में भारी बारिश से शिव मंदिर के पास सुरक्षा दीवार ढह गई। वहीं ग्राम नंदा चौकी में टोंस नदी का पानी किनारों को काटते हुए आबादी क्षेत्र में घुस गया। सूचना मिलते ही सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने दोनों प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने सोमवार को प्रभावित स्थानों पर पहुंचकर निरीक्षण किया और लोगों से बारिश से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने समस्याओं के निवारण हेतु अधिकारियों को दूरभाष पर संपर्क कर जरूरी सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए। ग्राम भगवानपुर में क्षतिग्रत पुस्ते के निर्माण हेतु तुरंत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं टोंस नदी में आई बाढ़ का पानी आबादी क्षेत्र में न घुसे इस हेतु जेसीबी से नदी का रुख मोडक़र को निर्देशित किया। विधायक ने सहसपुर ग्राम का भी निरीक्षण किया। लोगों ने जल भराव की समस्या विधायक के सामने रखी। जिस पर उन्होंने मौके पर ही मौजूद सिंचाई खंड अधिकारियों को पानी की निकासी की व्यवस्था करने और नाली निर्माण करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम प्रधान झाझरा पिंकी देवी, ग्राम प्रधान सुद्धवोला मुनेश देवी, वीके शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मारपीट में एक नामजद समेत सात पर मुकदमा दर्ज

विकासनगर। थाना सेलाकुई क्षेत्र के अंतर्गत जमनपुर स्थित एक बैंक के समीप शटरिंग का सामान वापस करने को लेकर सात लोगों ने एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। यही नहीं आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। घायल के बड़े भाई की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अफसर अली पुत्र मुनफेद, निवासी सिंघनीवाला शिमला बाईपास रोड ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 अगस्त को करीब ढाई बजे उसके छोटे भाई ईनाम के साथ जमनपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप आरोपी ताजिम पुत्र इकबाल हाल निवासी रामपुर सेलाकुई ने छह अन्य लोगों के साथ मिलकर शटरिंग वापस करने को लेकर मारपीट की। बताया कि आरोपियों ने उसके भाई की बुरी तरह से पिटाई कर घायल कर दिया है। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया कि आरोपियों ने उसके भाई के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई अनित कुमार को सौंपी है।

### स्वारना नदी में बहकर युवती लापता

विकासनगर। एक युवती अपने भाइयों के साथ शंकरपुर स्थित संडे बजार में सामान खरीदने जा रही थी। युवती शॉटकट रास्ते के चक्कर में स्वारना नदी पार कर रही थी। तभी अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया और युवती पानी की चपेट में आकर बह गई। जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस, एसडीआरएफ और फायर सर्विस के कर्मचारी युवती की तलाश में जुटे हैं। बीते रविवार को शिक्षा भारती ( 19 ) पुत्री अवधेश कुमार, हाल निवासी सेलाकुई, मूल निवासी बिजनौर यूपी अपने 14 वर्षीय भाई और ममेरे भाई के साथ करीब साढ़े चार बजे शाम को शंकरपुर में ढाबे के समीप लगने वाले संडे बाजार में सामान खरीदने जा रही थी। दोनों भाई नदी पार कर गए, लेकिन जब शिक्षा भारती नदी पार कर रही थी, तभी एकाएक स्वारना नदी का जल स्तर बढ़ गया। जिससे वह नदी के बहाव में तेजी से बह गयी। दोनों भाइयों के शोर शराबा मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हुए। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। जिसके बाद युवती के पिता ने सेलाकुई पुलिस को सूचना दी। सेलाकुई पुलिस, एसडीआरएफ व फायर ब्रिगेड की टीम ने घटना की सूचना मिलते ही स्वारना नदी में युवती की तलाश में रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन उसका पता नहीं चला। सोमवार को भी सुबह से लेकर देर शाम तक अभियान चलाया, लेकिन लापता युवती का पता नहीं चल पाया। थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि युवती की तलाश लगातार जारी है।

### संस्कृति एवं पर्यावरण प्रेमियों का हुआ सम्मान

अल्मोड़ा। दूरस्थ ग्राम सभा रूपानौली में हिमगिरि ग्रीन फाउंडेशन की ओर से प्रकृति संस्कृति में संगम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। संस्कृति एवं प्रकृति प्रेमियों को सम्मानित किया गया। सोमवार को हुआ कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रकृति एवं संस्कृति के बीच के संबंध को पुरानी पीढ़ी से नई पीढ़ी तक पहुंचाने का है। इस मौके पर सोमेश्वर घाटी से दीपक मेहरा व क्याप टीम, राइंका तकुल्टी, माध्यमिक विद्यालय तकुल्टी, प्राथमिक विद्यालय तकुल्टी, माध्यमिक विद्यालय नागार्जुन, राइंका उत्तमसाणी, दिशा कान्वेंट स्कूल चौखुटिया के विद्यार्थियों ने उत्तराखंड संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण पर समूह, युगल, एकल नृत्य, नाटक प्रस्तुत किए।

### लक्ष्मेश्वर स्थित गांधी सभा स्थल में हुआ वीरों का वंदन कार्यक्रम

अल्मोड़ा। लक्ष्मेश्वर स्थित गांधी सभा स्थल में वीरों का वंदन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका की ओर से मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत वीरों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अपर्ति की। शुक्रवार को हुए कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनोज तिवारी, पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने शहीद वीरों के नाम लिखे शिलास्तंभ ( फलकम ) के अनावरण के साथ किया। पालिकाध्यक्ष जोशी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम आज गांधी सभा स्थल पर एकत्रित होकर वीर शहीदों को एक साथ नमन कर रहे हैं।